हलाली बांध हरियाली के बीच ऊंचाई से गिरते मिनी पचमढ़ी के झरने मनमोहक

विदिशा, बारिश के मौसम में हलाली बांध के आसपास का प्राकृतिक सौंदर्य देखते ही बन रहा है. बांध से लगे जंगल और पहाड़ियों के बीच बहने वाले झरने इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं. ऊंचाई से नीचे गिरते झरने, चारों ओर फैली हरियाली और पहाड़ियों का मनमोहक नजारा यहां पहुंचने वाले लोगों को पचमढ़ी जैसा अहसास करा रहा है. यही वजह है कि स्थानीय लोग इस स्थान को मिनी पचमढ़ी के नाम से भी जानते हैं. मानसून की बारिश शुरू होते ही पहाड़ों से झरने बहने लगे हैं. झरने की तेज धार और आसपास की हरियाली के बीच लोग प्राकृतिक नजारे का आनंद लेने पहुंच रहे हैं. परिवार और दोस्तों के साथ लोग यहां पिकनिक मनाते नजर आ रहे हैं. कई लोग झरनों और पहाड़ियों की तस्वीरें और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी साझा कर रहे हैं.

क्षतिग्रस्त भवन के ऊपर एक और मंजिल का निर्माण, खतरे से खाली नहीं

कृषि उपज मंडी के पुराने भवन की मजबूती की जांच किए बिना निर्माण शुरू करने पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 19 अगस्त, कृषि उपज मंडी के क्षतिग्रस्त एवं कमजोर भवन के ऊपर एक और मंजिल का निर्माण शुरू किया जाना गंभीर चिंता का विषय बन गया है. पहली मंजिल की स्थिति कमजोर होने के बावजूद उसके ऊपर नई मंजिल खड़ी करना भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है.

बताया जा रहा है कि पुराने भवन की मजबूती और उसकी संरचनात्मक स्थिति की समुचित जांच किए बिना ही दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है. नियमानुसार निर्माण एजेंसी के इंजीनियरों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को पहले पुराने भवन की स्थिति का तकनीकी परीक्षण कराना चाहिए था. भवन की भार वहन क्षमता और नींव की मजबूती सुनिश्चित होने के बाद ही उसके ऊपर अतिरिक्त निर्माण किया जाना उचित होता. स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में जल्दबाजी के बजाय सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए.

जांच के बाद ही हो निर्माण

संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर पुराने भवन का तकनीकी निरीक्षण कराना चाहिए तथा विशेषज्ञ इंजीनियर से इसकी संरचनात्मक जांच करवानी चाहिए. यदि भवन अतिरिक्त भार सहने की स्थिति में नहीं है तो वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जाना आवश्यक है. निर्माण कार्य में थोड़ी सी लापरवाही भविष्य में बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए प्रशासन को मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्माण की जांच कराना चाहिए.

एक नजर में

106 नेत्र रोगियों की जांच कर दी नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु विजन सेंटर पर मोतियाबिंद एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सक डॉ. राजकरण वर्मा ने लगभग 106 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच की तथा उन्हें नेत्र रोगों से बचाव और आंखों की देखभाल संबंधी आवश्यक जानकारी दी. इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी भगवान दास साहू ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है. आंखों की रोशनी बचाने और जरूरतमंद लोगों को उपचार उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार के शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं.शिविर में डॉ. ए.के. जैन, गणेश राम रघुवंशी, सुरेंद्र भारद्वाज, जगदीश अग्रवाल एवं हेमंत भंडारी सहित अन्य समाजसेवियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया. उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा अंधत्व निवारण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की. समाजसेवियों ने कहा कि संस्था द्वारा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे प्रयास अनुकरणीय हैं.

समस्या का समाधान, पाराशरी किनारे बना नया वैकल्पिक मार्ग

पचमा बायपास से जुड़ा नया मार्ग, जाम की समस्या से नागरिकों को मिलेगी राहत

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 19 अगस्त, नगर पालिका परिषद गंजबासौदा ने शहर की एक और बड़ी यातायात समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है. वार्ड क्रमांक 9 में पलोड़ पेट्रोल पंप स्थित पाराशरी की पुलिया के आगे लगातार लगने वाले जाम से अब नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है.

पेट्रोल पंप के पास पाराशरी की पुलिया के आगे प्रतिदिन वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता था. त्योंदा रोड पर ट्रैफिक और वाहनों की अधिक संख्या के कारण आए दिन लंबा जाम लग जाता था. इससे नागरिकों, स्कूली बच्चों और मरीजों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था. स्थानीय नागरिकों ने नए मार्ग के निर्माण का स्वागत करते हुए नगर पालिका परिषद, विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया. नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग से जहां नियमित रूप से लगने वाले जाम से राहत मिलेगी, वहीं आपातकालीन स्थिति में भी लोगों को एक वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध रहेगा.

विधायक के प्रयास से मिली स्वीकृति

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने बताया कि यह कार्य क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी के विशेष प्रयास और मार्गदर्शन से संभव हो पाया है. जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार इस मार्ग को स्वीकृत कराने और निर्माण कार्य में सहयोग किया गया. नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने यह तय किया था कि पाराशरी नदी के किनारे बाईपास मार्ग तैयार होने से लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी.

पाराशरी नदी किनारे बना सीसी रोड

यातायात की इस समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा पाराशरी नदी के किनारे नया सीसी रोड एवं नालियों का निर्माण कराया गया है. यह मार्ग त्योंदा रोड स्थित आईसर शोरूम वाली गली से होते हुए सीधे पचमा बाईपास मुख्य मार्ग से जुड़ता है. अब जाम की स्थिति में नागरिक इस वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर आसानी से आवागमन कर सकेंगे.

बालाजी धाम परिसर में 51 पौधों का किया गया रोपण

नवभारत न्यूज

पठारी, बालाजी धाम बड़ोह परिसर में बालाजी धाम के महंत विष्णु दास जी महाराज के नेतृत्व में 51 पौधों का पौधारोपण किया गया. इस दौरान फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए, जिनमें बरगद, पीपल, आंवला और अर्जुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल हैं.

पौधारोपण के दौरान महंत विष्णु दास जी महाराज ने कहा कि प्रकृति जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों की विरासत भी है. पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाए. प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधे को परिवार के सदस्य की तरह अपनाकर उसकी जिम्मेदारी उठानी चाहिए. उन्होंने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्रों के समान होता है. एक पेड़ सैकड़ों लोगों को छाया प्रदान करने के साथ फल, जलावन एवं उपयोगी लकड़ी देता है और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को 2 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

जमीन के विवाद में लाठी-डंडों से मारपीट कर किया था घायल

न्यायालय ने लगाया 1500 रुपये का अर्थदंड

नवभारत न्यूज

विदिशा, मारपीट के मामले में न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी पाते हुए 2 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तहसील गंजबासौदा, जिला विदिशा कपिल देव काछी ने 18 अगस्त 2026 को अपने निर्णय में आरोपी गजराज सिंह राजपूत, गोलू उर्फ रामनाथ राजपूत एवं विनोद राजपूत को भारतीय दंड विधान की धारा 325 में 2 वर्ष तथा धारा 323 में 6 माह के कठोर कारावास एवं कुल 1500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया. प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अंशुमान सुहाने द्वारा की गई.

फरियादी की सूचना पर थाना शमशाबाद में अपराध क्रमांक 451/2020 के तहत धारा 294, 323, 506, 34 भारतीय दंड विधान के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया. विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन दर्ज किए गए तथा घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया. चिकित्सकीय परीक्षण में अस्थिभंग पाए जाने के बाद प्रकरण में धारा 325 का इजाफा किया गया. विवेचना पूर्ण होने के बाद अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया. विचारण के दौरान घायल एवं प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों, चिकित्सक तथा विवेचक के बयान दर्ज किए गए.

जमीन खरीदने के बाद हुआ विवाद

अभियोजन के अनुसार फरियादी पंकज साहू ने आरोपी गजराज सिंह से जमीन खरीदी थी. जमीन की कुछ राशि का भुगतान किया जा चुका था, जबकि कुछ राशि शेष थी. आरोपी गजराज ने फरियादी से कहा था कि वह अपना सामान ले जाए, जिससे बकाया राशि बराबर हो जाएगी.घटना के दिन फरियादी पंकज साहू अपने भाई प्रमोद साहू, पिता बद्रीप्रसाद साहू एवं मां लक्ष्मीबाई के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आरोपी गजराज के खेत पर सामान लेने पहुंचे थे. वहां पहुंचते ही आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी. मारपीट में फरियादी सहित अन्य लोगों के शरीर पर कई जगह चोटें आईं.मारपीट के दौरान काशीराम पाल एवं खज्जू अहिरवार ने बीच-बचाव किया. आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी.

न्यायालय ने सुनाई सजा

विचारण उपरांत न्यायालय ने आरोपी गजराज सिंह राजपूत, गोलू उर्फ रामनाथ राजपूत एवं विनोद राजपूत को दोषी पाते हुए धारा 325 में 2 वर्ष के कठोर कारावास तथा धारा 323 में 6 माह के कठोर कारावास एवं कुल 1500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया. प्रकरण में अभियोजन की ओर से प्रभावी पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अंशुमान सुहाने द्वारा की गई.

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच करेगा कार्यकर्ता सम्मेलन

मोहम्मद यासिर खान कुरवाई तहसील संयोजक बने

राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता के संकल्प के साथ जिला स्तरीय सम्मेलन

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ द्वारा शीघ्र ही जिला स्तरीय कार्यकर्ता स्नेह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. सम्मेलन में जिलेभर से मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज के प्रबुद्धजन शामिल होंगे.

यह निर्णय मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक एवं वरिष्ठ प्रचारक गुरुदेव इंद्रेश कुमार तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य से प्राप्त दिशा-निर्देशों के बाद मंच कार्यालय कादरी साहब वाली गली, जवाहर रोड पर आयोजित बैठक में लिया गया. बैठक में कुरवाई तहसील संयोजक के रूप में मोहम्मद यासिर खान, कुरवाई, जिला विदिशा की नियुक्ति की घोषणा भी की गई.मंच के गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और %एक भारत श्रेष्ठ भारत तथा राष्ट्र प्रथम के संकल्प को मजबूत करना है. उन्होंने कहा कि समाज में फैल रही भ्रांतियों को दूर करने और युवा पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति समर्पित करने के लिए मंच द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का मानना है कि इस देश का मुसलमान सबसे पहले हिंदुस्तानी है. हब्बुल वतनी मिनल ईमान हमारी पहचान है. जिला स्तरीय सम्मेलन के बाद इसी प्रकार के कार्यक्रम पूरे प्रदेश और देश में आयोजित किए जाएंगे.

वर्ष भर की गतिविधियों की बनेगी योजना

गौ सेवा प्रकोष्ठ मध्य भारत प्रांत संयोजक एडवोकेट असद नवेद ने बताया कि सम्मेलन में मंच के अखिल भारतीय पदाधिकारी तथा प्रदेश, संभाग और जिला स्तर के पदाधिकारी मुख्य रूप से मार्गदर्शन देंगे. सम्मेलन में जिले के सभी प्रखंडों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा वर्षभर की कार्ययोजना भी तय की जाएगी.कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, शहीदों को श्रद्धांजलि और सामूहिक राष्ट्रगान सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

मौन सूचना

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

एग्रीस्टैक अभियान में पात्र किसानों की शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने पर जोर

नवभारत न्यूज

विदिशा, प्रदेश में एग्रीस्टैक पंजीयन, पैक्स सदस्यता एवं अग्रिम उर्वरक उठाव अभियान 20 अगस्त से 15 सितंबर 2026 तक चलाया जाएगा. अभियान का उद्देश्य पात्र किसानों की फार्मर आईडी बनाना, पैक्स में सदस्यता बढ़ाना, लंबित प्रकरणों का निराकरण तथा किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना है.

अभियान के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से कार्य करेंगे. जिन भूमिस्वामियों के खातों में हिस्सा निर्धारित नहीं है, उनके प्रकरणों में आवश्यक परिमार्जन कराकर फार्मर आईडी से भूमि जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी. जिन किसानों की आईडी बनी है, लेकिन सभी सर्वे नंबर लिंक नहीं हैं, उन्हें भी अपडेट किया जाएगा.

लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन का तोहफा, खाते में पहुंचे 1750 रुपये

नवभारत न्यूज

विदिशा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मैहर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं के खातों में अगस्त माह की 1500 रुपये की नियमित सहायता राशि के साथ रक्षाबंधन के अवसर पर 250 रुपये की विशेष सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की. इस तरह प्रत्येक पात्र महिला के खाते में कुल 1750 रुपये पहुंचे.

विदिशा जिला मुख्यालय पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विधायक मुकेश टंडन सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें शामिल हुईं. कार्यक्रम में महिलाओं ने जनप्रतिनिधियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत की. महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा ने बताया कि जिले की कुल 2,71,494 लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में करीब 46 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई. राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों एवं पंचायत मुख्यालयों पर भी किया गया. उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और परिवार के निर्णयों में उनकी भागीदारी बढ़ाना है. अतिरिक्त 250 रुपये की सहायता से रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को आर्थिक संबल मिला.

छह माह से लंबित मजदूरी का जनसुनवाई में तत्काल कराया भुगतान

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में आयोजित खंडस्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है. मंगलवार को गंजबासौदा तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई में दो श्रमिकों की छह माह से लंबित मजदूरी का तत्काल भुगतान कराया गया.

तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदक नीलेश कुशवाह एवं रविंद्र अहिरवार ने आवेदन देकर बताया कि एक निजी होटल संचालक ने फरवरी माह में उनसे कलर एवं पुट्टी का कार्य कराया था. काम पूरा होने के बाद भी दोनों की 15 हजार रुपये मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया था.

अव्यवस्थाएं | **सूचना के बाद भी स्टेशन नहीं पहुंची एम्बुलेंस, रेलवे पुलिस और नागरिकों ने संभाला मोर्चा**

फिर नहीं पहुंची एम्बुलेंस, घायल महिला को लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, रेलवे स्टेशन पर ट्रेनं से गिरकर घायल हुई महिला को समय पर डायल 108 एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिल सकी. सूचना देने के बावजूद एम्बुलेंस के मौके पर नहीं पहुंचने पर रेलवे पुलिस और स्टेशन पर मौजूद नागरिकों ने घायल महिला को मेमो ट्रेन से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया.

बताया गया कि महिला ट्रेन से गिरकर घायल हो गई थी. घटना की सूचना डायल 108 एम्बुलेंस को दी गई, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी एम्बुलेंस रेलवे स्टेशन नहीं पहुंची. इसके बाद रेलवे पुलिस तथा उपस्थित नागरिकों ने तत्काल प्रयास करते हुए महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा. रेलवे स्टेशन पर इस तरह की घटना पहली बार नहीं हुई है. इससे पहले भी ट्रेन से गिरकर घायल होने वाले यात्रियों के मामलों में डायल 108 एम्बुलेंस को सूचना दिए जाने के बावजूद स्टेशन तक एम्बुलेंस नहीं पहुंचने की शिकायतें सामने आती रही हैं. ऐसे मामलों में रेलवे पुलिस और नागरिकों को ही घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करनी पड़ती है.

अधिकारियों को गंभीरता से लेना चाहिए मामला

रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस की तत्काल उपलब्धता बेहद जरूरी है. ट्रेन से गिरने वाले यात्री गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं और ऐसे मामलों में समय पर उपचार मिलना उनकी जान बचाने के लिए महत्वपूर्ण होता है. लगातार एम्बुलेंस के नहीं पहुंचने की शिकायतें सामने आना गंभीर लापरवाही का विषय है.संबंधित विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन सूचना मिलने के बाद डायल 108 एम्बुलेंस समय पर पहुंचे, ताकि दुर्घटनाओं में घायल यात्रियों को तत्काल उपचार मिल सके और उनकी जान बचाई जा सके.

रामायण मंडल ट्रस्ट ने मनाई तुलसी जयंती

मानस भवन में गोस्वामी तुलसीदास जी की 529वीं जन्म जयंती पर हुआ पूजन

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, रामायण मंडल ट्रस्ट द्वारा मानस भवन में गोस्वामी तुलसीदास जी की 529वीं जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत पंडित अशोक दुबे ने मंत्रोच्चार के साथ गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर माल्यार्पण से की. इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन मोहन तिवारी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने भगवान श्रीराम के चरित्र और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरल भाषा में रामचरितमानस की रचना की. उनके साहित्य ने समाज में प्रेम, भाईचारा, मर्यादा और भक्ति की भावना को मजबूत करने का कार्य किया है. इस अवसर पर योगेश भाई शाह ने ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय कैलाश नारायण अग्रवाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने वर्ष 2000 में मानस भवन में गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा स्थापित कराई थी. उनका यह योगदान आज भी स्मरणीय है.कार्यक्रम में नागरिक सेवा समिति के विनीत अरोरा, मधुलिका अग्रवाल, अंगुरी बाई अग्रवाल, संतोष शर्मा सहित रामायण मंडल ट्रस्ट के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे.